औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन

झुंझुनूं, 11 फरवरी। मंगलवार को जिला उद्योग केन्द्र में जिला स्तरीय औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया गया। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मनीराम ने बताया कि शिविर में मौके पर ही आर्टीजन परिचय पत्र के 3 आवेदन पत्र तैयार करवाये गये।

उन्होंने बताया कि शिविर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम ज्ञापन के पार्ट प्रथम की 7 एवं पार्ट द्वितीय की 5 अभिस्वीकृतियां जारी करते हुए शिविर में 41 उद्यमियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में रीको एवं खादी ग्रामोद्योग बार्ड के अधिकारियों ने भी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

सीए करने वाले विद्यार्थी अब सभी परीक्षाए झुंझुनूं में ही दे सकेगें

माई झुं.न्यूज। जिला मुख्यालय के राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन विद्यालय में अब सीए करने वाले विद्यार्थियों को पहली सिढ़ी चढ़ने के लिए सीपीटी, आईपीसीसी एंव बाद में फाईनल की परीक्षा देने के लिए जिले के बाहर नहीं जाना होगा। यह परीक्षा झुंझुनूं प्रगति सघं द्वारा सचांलित आदर्श बाल निकेतन उच्च मा. विद्यालय में विद्यार्थी दे सकेंगे। जानकारी देते हुए सीए एसोसियेशन वेस्ट रिजनल के सदस्य वरिष्ठ सीए सुनिल पाटोदिया ने बताया कि समाज सेवी रामस्वरूप गाडिया मुम्बई प्रवासी व जयपुर के विजय गर्ग सीए के सहयोग से इस कार्य को सफलता मिली है। जिसका जिले के सीए करने वाले सम्पूर्ण विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

इससे पहले विद्यार्थियों को सीपीटी सीपीटी, आईपीसीसी एंव बाद में फाईनल की परीक्षा देने के लिए झुंझुनूं बाहर जाना पड़ता था। सीए सुनील पाटोदिया ने बताया कि सीए संस्थान की सेन्ट्रल काऊन्सील ने झुझनूं में परीक्षा देने हेतू सेन्टर को मन्जुर्ड कर दिया है साथ ही उनका प्रयास है कि संस्थान की और से सीए करने वाले विद्यार्थियो को अन्य सुविधाए भी प्राप्त हो सके इस की बात वे पदाधिकारियो से कर रहे है। पाटोदिया व गाडिया के प्रयासों से हुए इस कार्य के लिए स्कूल कार्यकारिणी अध्यक्ष पूर्व राज्यपाल जस्टिस नवरंगलाल टिबडेवाल, सचिव परमेश्वर हलवाई, कोषाध्यक्ष एडवोकेट दिनेशचन्द्र अग्रवाल, सदस्य हरिश तुलस्यान, प्रो.अतुल गर्ग, केशरदेव तुलस्यान, ताराचन्द गुप्ता, गीलुराम मोदी, सीए मनीष अग्रवाल, सीए पवन केडिया, सीए अश्वनी अग्रवाल, एडवोकेट श्रवण केजडीवाल एंव डी.एन.तुलस्यान, स्कूल प्राचार्य योगेश शर्मा एंव प्राचार्या श्रीमती मधु शर्मा सहित शहर के गणमान्य लोगों, शिक्षाविदों व शिक्षण संस्थाओं के विभिन्न पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए इसे सराहनीय कार्य बताया है।

विदित है कि पाटोदिया झुंझनूं के ही वरिष्ठ समाजसेवी चौथमल पाटोदिया के सुपुत्र है तथा झुंझनूं विकास में इनका अनुकरणीय सहयोग विभिन्न संस्थाओ के माध्यम से दिया जाता रहा है।

एबीएन में बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया

झुंझुनूं 4 फरवरी। झुंझुनूं प्रगति संघ द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन उ.मा. विद्यालय में मंगलवार को बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सरस्वती पूजन किया गया तथा बंसत पंचमी के बारे में बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि बंसत ऋतु को ऋतुराज के नाम से भी जाना जाता है।

यह माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाता है। इस समय खेतो में फसलों पर पीले - पीले सरसो के फूल तथा धान पर बालियॉ लहलहाती है चारों तरफ उमंग और उत्साह का माहौल होता है। इस दिन पीले वस्त्र पहने जाते है पीली मिठाईयॉ बनाई जाती है। इसके पीछे यह भी धारणा है कि मॉ सरस्वती को केसरीया रंग अति प्रिय है इसीलिए इस दिन पीले वस्त्र धारण किए जाते है। अंग्रेजी माध्यम की प्रधानाचार्य श्रीमती मधु शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज से सभी बच्चों को यह प्रण करना चाहिए कि हम सब आपस में प्रेम और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देंगे तथा समाज व राष्ट्र के प्रति अपने नैतिक दायित्वों का निर्वाह करेंगे। साथ ही उन्होने कहा कि बच्चों को पूरी लगन व मेंहनत से अपनी पढ़ाई में जुट जाना है ताकि वे सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर सकें।

स्काउट छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली और प्रदर्शनी

झुंझुनूं,14 फरवरी। न्याय के लिए उमड़ते सौं करोड़ एक विश्वव्यापी अभियान के तहत शुक्रवार को दस बजे हाट बाजार आबूसर में स्काउट गाईड विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन शिक्षित रोजगार केन्द्र प्रबंधक समिति एवं बेटी जिंदाबाद अभियान के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के विषय की गंभीरता पर कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा चिंताजनक है। आयोजक संस्था के सचिव राजन चौधरी ने कहा कि वर्तमान समाज में लड़कियों से लड़कों को महत्व अधिक दिया जाता है तथा महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। कार्यकर्म की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन धोलपुरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमे सर्वप्रथम समाज में फैले महिला-पुरूषों के भेंद को समाप्त करना होगा। कार्यक्रम में एसआरकेपीएस कार्यक्रम समन्वयक ज्योति चौधरी ने अपने उद्बोधन में बेटी बचाओं संबंधी संदेश दिया। स्काउट छात्र-छात्राओं द्वारा अलग-अलग रैली व प्रदर्शनी का आयोजन किया भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीकानेर स्काउट सीओ गणेश गुर्जर ने किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में 'प्रवाह वार्षिकोत्सव मनाया गया।

झुंझुनूं, 15 फरवरी। दिल्ली पब्लिक स्कूल में तीसरा वार्षिकोत्सव 'प्रवाह' धुमधाम से ज्ञानविहार, मण्ड्रेला रोड् भवन में मनाया गयाँ कार्यक्रम की थीम 'डांसेज ऑऊ इंडिया' रखी गयी थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **डॉ. हरि सिंह** (भूतपूर्व सांसद व केबिनेट मंत्री, राजस्थान) का विद्यालय के चैयरमैन श्री प्रदीप कुमार, निदेशक श्री नरेन्द्र सिंह, निदेशक (प्रशासनिक) श्री पी.एल. शर्मा व निदेशक (शैक्षिक) श्री सत्येन्द्र जागिड़ के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थियों ने फूलो के गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया। **श्री सुंदर लाल** (सदस्य विधान सभा, राजस्थान) विद्यालय के चैयरमैन श्री प्रदीप कुमार, निदेशक श्री नरेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मंच का संचालन श्री अनिल शर्मा व रेणु बक्शी द्वारा किया गया। जिसे दर्शको ने तालियों के माध्यम से सराहा।

पटवारी कॉलेज में प्रतियोगिता

माई झुं.न्यूज। सेठ गंगाधर शिव भगवान पटवारी कॉलेज में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बग़ड के डॉ. मोहनलाल पीरामल बालिका कॉलेज, मंडावा कॉलेज व झुंझुनूं का जेबी शाह कॉलेज प्रथम रहा। चंद्रकला देवी बगडिया स्मृति में हुई प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि दादूद्वारा के स्वामी अर्जुनदास महाराज थे।

अध्यक्षता विनोद कासिमपुरिया ने की। विशिष्ट अतिथि रघुवीरसिंह शेखावत थे। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व कॉलेज प्राचार्य एमएल कटेवा ने स्वागत भाषण दिया। सामूहिक नृत्य में झुंझुनूं का राजस्थान गर्ल्स कॉलेज प्रथम, झुंझुनूं का जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज द्वितीय व बग़ड का एसपी रूंगटा संस्कृत कॉलेज तृतीय रहा। एकल नृत्य में मंडावा कॉलेज के संजय पंवार ने पहला, झुंझुनूं के जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज की सुरभि शर्मा ने दूसरा व झुंझुनूं के नेतराम मगराज टिब्डेवाल कॉलेज ने तीसरा स्थान एवं एकल गान में बग़ड के डॉ. मोहनलाल पीरामल बालिका कॉलेज की प्रियंका झाझडिया ने पहला, झुंझुनूं के मोतीलाल कॉलेज के प्रकाश नेहरा ने दूसरा व बग़ड के सेठ गंगाधर शिव भगवान पटवारी कॉलेज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

झुंझुनूं के पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित माहेश्वरी वर्तमान में जिला पुलिस अधीक्षक इंटेलीजेंस कोटा को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति पुलिस पदक सम्मान से राजस्थान के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया।



मार्च माह के व्रतोत्सव-2014

पंडित महावीर प्रसाद पारीक,
शास्त्री एम ए, संस्कृत
बीदासर- बिसाऊ
मोबाईल- 9460513758

माई झुं.न्यूज। फाल्गुन कृष्णा अमावस्या शनिवार से मार्च महीना प्रारम्भ हो रहा है। इस समय बसन्त ऋतु एवं उत्तरायण में है। 2 मार्च को चन्द्रदर्शन 45 मुहूर्ती सुभिक्षकारी है तथा भावों में मंदी कारक है। 3 मार्च सोमवार को फुलेरा दूज स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त है। 4 मार्च को अंगारक विनायक चतुर्थी है। चतुर्थी का मंगलवार से संयोग होने से अंगारक चतुर्थी होती है। मंगलवार अग्नि विषय शाठ्य एवं दम्भ संबंधित कार्य के लिये प्रशस्त है। अत: यह अंगारक कहलाता है। कुंडली में भी कहीं मंगल राहु का योग अंगाकर योग कहलाता है। इससे जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं। नारी में संतान बाधा एवं पुरुषों में मानसिक अशान्ति रह सकती है। 5 मार्च बुधवार को दोपहर 13:13 पर पंचक समाप्त हो जायेंगे एवं समस्त शुभ कार्यों पर भी 8 मार्च से विराम लग जाएगा।

7 मार्च का विवाह मुहूर्त है एवं 8 मार्च को होलाष्टक प्रारम्भ होने से होली तक शुभ कार्यों पर विराम। 9 मार्च से खाटू श्याम जी का 5 दिवसीय जन्मोत्सव मन प्रारम्भ एवं 10 मार्च को व्रज एवं अन्य अन्यत्र कृष्ण प्रेम के स्थानों पर फागोत्सव प्रारम्भ 12 मार्च को आमला एकादशी इस दिन ढाल थानना दोपहर तीन बजकर 15 मिनट बाद प्रारम्भ। इससे पूर्व दिनार्द्ध में 15:12 बजे तक भद्रा है। 13 मार्च कॊ गोविन्द द्वादशी खाटू श्यामजी का मेला समाप्त। 14 मार्च को मीन राशि में सूर्य के प्रवेश से एक महीने का मल माह प्रारम्भ। संक्रांति के रात्रि में 23:06 बजे प्रवेश से इसका पुण्यकाल 15 मार्च को होगा तथा 14 मार्च शुक्रवार को प्रदोष व्रत हे जो शिवोपासना के लिये सवाधिक प्रशस्त है। 16 मार्च रविवार को होलिका दहन सायं गोधूलि बेला में होगा। इस दिन प्रात: 10 बजकर 3 मिनट भद्रा है। अत: जेल पोनी आदि पूजन संबंधी कार्य 10:5 के बाद किये जा सकते है। इस दिन सत्यनारायण भगवान का व्रत है। होलिका दहन मध्यम मान से सायं 6:30 बजे से 7:00 बजे के मध्य किया जा सकता है। यद्यपि पूर्वी प्रदेशों कोलकाता वाराणसी आदि स्थानों पर 5:45 से भी गोधुलि समय आ जाएगा। होलिकेत्सव एक वैदिक सोमयज्ञ है। होली के आयोजन के समय समाज में प्रचलित हँसी ठिठोली गायन वादन इत्यादि के उदभव और विकास में उस समय के सोमयज्ञों की लम्बी प्रक्रिया से थकत व्यस्त ऋत्विग्गणां के लिये मनो विनोद का समय होता था। होलिकोत्सव इसी महाव्रत सोम यज्ञां के समापन में मनाये जाने वाले उत्सवों की परम्परा है। ये वर्ष भर चलने वाले महायज्ञों की एकरसता को दूर करने के उत्सव थे। साथ ही बसंत पंचमी से प्रारम्भ प्रकृति की रंगीन घटा में अपने-अपने रंग मिलाने की परम्परा का निर्वा है।

17 मार्च को घूलण्डी गणगौर पूजा प्रारम्भ। वसन्तोत्सव शुरू। 20 मार्च को महाविषुव दिन सायन गणना से मेष में सूर्य के आने से बसंत सम्पात एवं सूर्य के उत्तरगोल में आने से पृथ्वी पर सर्वत्र दिन रात बराबर होंगे। 23 मार्च को व्यतिपात पुण्य। बासेड़ा पूर्व दिन का राधा पुआ एवं 24 मार्च सोमवार को बास्योड़ा स्वयं सिद्ध मुहुर्त है। बास्योड़ा के बाद ठंडा खाना रोग कारक हो सकता है। यहीं तक ठण्डे खाने की सीमा है। 26 मार्च को दशामाता का व्रत। 27 मार्च गुरुवार को पामोचनी एकादशी व्रत। पंचक प्रारम्भ सायं 19:54 बजे से । 29 मार्च को मास शिव रात्रि व्रत एवं 30 मार्च को देवपितृ कार्य अमावस्या तथा चैत्री अमावस्या के साथ ही चान्द्र संवत्सर 2071 नव वर्षारम्भ चैत्र शुक्ला प्रतिपदा शुभ दिन वासन्तिक नवरात्र प्रारम्भ कलश स्थापना पंचक समाप्त रात्रि 12:30 पर इस दिन नवरात्रा स्थापना शुभ मुहूर्त प्रात: 6 बजकर 25 मिनट से 10 बजकर 25 मिनट का 4 घंटे की अवधि में किया जा सकता है। अभिजित काल 12 बजकर 08 मिनट से 12 बजकर 58 मिनट तक भी स्थापना प्रशस्त है एवं द्विस्वभाव लग्न 10 बजकर 37 मिनट से 12 बजकर 51 मिनट तक भी समय प्रशस्त है। एक अप्रैल को 30 मुहूर्ति चन्द्रदशन भावों में समानता वाला तथा 2 अप्रैल को श्रीमत्स्य जयंती गणगौर त्यौहार है। शुभम्।।

With Best Compliments From-
Sajjan Goyanka
TEXPORT INDUSTRIES PVT.LTD.
MFR. & EXPORTER OF READYMADE GARMENTS
506, Hubtown Solaris, N.S.Phadke Marg
Nr.East&West Andheri Flyover, Andheri - (E)
MUMBAI - 400 069 (MS.)
PHONE : 022-30882000/ 30882001
Email - major@texportgarments.com
www.texportgarment.com